दौसा नगर परिषद पर कांग्रेस का कब्जा, सचिन पायलट के जयघोष से गूंजा शहर

कांग्रेस प्रत्याशी रेखा गुर्जर ने भाजपा की कविता गुर्जर को 7 मतों से पराजित किया

दौसा, (निसं.)। जिला एवं पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार को नगर परिषद दौसा के सभापति के लिए चुनाव हुए, जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी रेखा गुर्जर ने भाजपा की कविता गुर्जर को 7 मतों से पराजित कर कांग्रेस का परचम लगराया। नगर परिषद के 55 पार्षदों में से 31 ने कांग्रेस की रेखा गुर्जर के पक्ष में तथा 24 पार्षदों ने भाजपा की कविता गुर्जर के पक्ष में मतदान किया। मतदान के तुरन्त बाद मतों की गणना कर परिणाम घोषित किया गया। उधर भाजपा के पार्षदों ने जिला एवं पुलिस प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। वहीं दूसरी ओर रेखा गुर्जर के निर्वाचित होने के साथ ही पूरा शहर सचिन पायलट के जयघोष से गुंजायमान हो गया।

उल्लेखनीय है कि रिटर्निंग अधिकारी संजू मीणा की देखरेख प्रात: 10 बजते मतदान शुरू हुआ। मतदान शुरू होने के साथ ही भाजपा के 24 पार्षद बाड़ेबंदी से बस में सवार होकर नगर परिषद पहुंचे। भाजपा की ओर से पहला मतदान पार्षद बबिता वाल्मीकि ने किया। इस दौरान भाजपा के पार्षद रितेश पारीक ने जिला एवं पुलिस प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। उन्होंने

नगर परिषद दौसा के सभापति के चुनाव के बाद पार्षदों ने जीत की खुशी मनाई।

आरोप लगाया कि कांग्रेस प्रत्याशी मतदान केंद्र के अन्दर पार्षदों के मत को देख रही है, प्रशासन उनका सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी को मतदान केंद्र के अंदर रहने का अधिकार ही नहीं है। पार्षद रितेश पारीक के साथ तकरीबन आधा दर्जन पार्षद वहीं धरने पर बैठ गए तथा मतदान केंद्र से कांग्रेस प्रत्याशी को बाहर करने की मांग करने लगे। इधर हंगामे के चलते पुलिस अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए तथा काफी समझाईश के बाद मतदान शुरू हुआ। इस बीच भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। वहीं दूसरी ओर दोपहर 12 बजे बाद दौसा विधायक डीसी बैरवा के नेतृत्व में कांग्रेस खेमे के 30 पार्षद बस में सवार होकर मतदान के लिए पहुंचे। कांग्रेसी पार्षदों की बस आते ही कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बस को चारों तरफ से घेर ली तथा चैन बनाकर कांग्रेसी पार्षदों को गेट तक लेकर गए। इस दौरान भाजपा नेता जगमोहन मीणा, चुनाव प्रभारी पूजा कपिल, प्रणवेंद्र शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी रेला, पूर्व सभापति राजकुमार जायसवाल भी पहुंच गए। जैसे कांग्रेस पार्षदों से बात करने लगे तो विधायक डीसी बैरवा ने विरोध किया, विरोध करते ही कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा खड़ा कर दिया। इस दौरान भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ता आमने सामने हो गए। मौके पर तैनात पुलिसबल ने स्थिति को संभाला। मामला शांत होने के बाद कांग्रेस की ओर से पहला मतदान पार्षद कमलेश मीणा ने किया, हंगामे के बाद कांग्रेस के एक एक पार्षद को मतदान के लिए अंदर भेजा गया।

कांग्रेस पार्षदों के मतदान के बाद आखिर में निर्दलीय पार्षद एडवोकेट शिवेंद्र तिवाडी ने मतदान किया। मतदान के बाद मतगणना की गई। मतगणना के बाद रिर्टनिंग अधिकारी संजू मीणा ने परिणाम घोषित किया। मतगणना के बाद 55 में से कांग्रेस प्रत्याशी रेखा गुर्जर को 31 मत, भाजपा की कविता गुर्जर को 24 मत मिले। नगर परिषद में कांग्रेस के 24, भाजपा के 17 व 14 निर्दलीय पार्षद चुनाव जीतकर आये थे। जिसमें से 14 निर्दलीय पार्षदों में से 7 ने कांग्रेस व 7 ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया।

कांग्रेसी की रेखा गुर्जर के निर्वाचित होने के साथ ही कार्यकर्ताओं ने पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, सांसद मुरारीलाल मीणा एवं दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा के पक्ष में जमकर नारेबाजी की। बताया जाता है कि रेखा गुर्जर का टिकिट पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट की सिफारिश पर तय किया गया था, जिसके चलते शहर के कार्यकर्ता कांग्रेस की जीत पर काफी उत्साहित नजर आये।

मांडल में रंजिश और लड़की भगाने के संदेह में परिवार पर हमला

- दंपती सहित तीन जनों को मंदिर में बांधकर पीटा, मामला दर्ज

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र के रावों का खेड़ा गांव में पुरानी रंजिश और लड़की भगाने के संदेह को लेकर एक ही परिवार पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, हथियारों से लैस दर्जनभर लोगों ने एक मकान में घुसकर मारपीट की और बाद में पीड़ितों को सार्वजनिक स्थान पर बांधकर प्रताड़ित किया। मांडल थाना पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता शांति देवी (56) पत्नी नंदलाल राव की ओर से दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, घटना 18 सितंबर दोपहर करीब 1 बजे की है। नामजद आरोपियों चैन सिंह, लाडू देवी, हिम्मत सिंह, माया, सांबर देवी, झागुड़ी, गिरराज, महावीर,लक्ष्मी लाल, दिलखुश, रणजीत सहित 10-12 अन्य लोग लाठी, सरिए और लकड़ियां लेकर जबरन घर में घुस आए। आरोपियों ने जगदीश नामक युवक को जमीन पर पटककर गंभीर रूप से चोटिल कर दिया। बीच-बचाव करने आए उसके माता-पिता के साथ भी मारपीट की गई।

रिपोर्ट में उल्लेख है कि आरोपी हिम्मत सिंह और गिरराज ने घर की बहू के साथ अभद्रता करते हुए उसे गाड़ी में डालकर ले जाने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी महिलाओं ने पीड़िता के गले से सोने का मंगलसूत्र छीन लिया। घटना के बाद आरोपी पीड़ितों को घसीटते हुए गांव के चारभुजा नाथ मंदिर ले गए, जहां तीनों पीड़ितों को खंभे से बांध दिया गया। आरोपियों ने ग्रामीणों को चेतावनी दी कि यदि किसी ने वीडियो बनाया या पुलिस में गवाही दी तो नतीजे गंभीर होंगे। पीड़ितों को दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक बिना पानी दिए धूप में बांधकर रखने का आरोप है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने पीड़ित नंद लाल के साथ अमानवीय कृत्य करने का प्रयास किया। साथ ही जमीन के दस्तावेज नाम करने अथवा 9 लाख रुपये की रंगदारी देने का दबाव बनाया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि घटना से दो-तीन दिन पूर्व आरोपियों ने गांव में परिवार का सामाजिक बहिष्कार करवाते हुए राशन व अन्य सामान मिलने पर रोक लगा दी थी। मांडल थाना पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पीड़ित परिवार ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और छीने गए आभूषणों की बरामदगी की मांग की है।

भरतपुर की सुजान गंगा नहर में युवक ने छलांग लगाई

भरतपुर, (निसं)। सुजान गंगा नहर में सोमवार दोपहर एक अज्ञात युवक के छलांग लगाने की सूचना से हड़कंप मच गया। युवक को नहर में छलांग लगाते देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चौबुर्जा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। इसके बाद सिविल डिफेंस टीम को मौके पर बुलाया गया।

चौबुर्जा चौकी इंचार्ज राकेश मान ने बताया कि दोपहर सूचना मिली कि एक अज्ञात व्यक्ति नहर में कूद गया है। सूचना मिलते ही चौकी का जाब्ता मौके पर पहुंचा और पुलिस कंट्रोल रूम को जानकारी दी गई। इसके बाद सिविल डिफेंस एवं एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और नहर में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता भी मौके पर मौजूद है।

युवती की मौत

रामगंजमंडी, (निसं)। सीमेंट रोड पर बापना पेट्रोल पंप के सामने सोमवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक 25 वर्षीय युवती की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार मीनाक्षी मालवीय पत्नी सोनू मालवीय अपने दो मासूम बच्चों के साथ स्कूटी से खैराबाद तेजाजी के मेले में जा रही थी। इसी दौरान बापना पेट्रोल पंप के सामने एक ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मीनाक्षी गंभीर रूप से घायल हो गई।

सीकर नगर परिषद में सभापति के पद पर कांग्रेस की खतीजा बानो विजयी

सीकर, (निसं)। सीकर नगर परिषद में सभापति के पद पर खतीजा बानो जीत गई हैं। खतीजा बानो को 41 वोट मिले और भाजपा की सभापति पद की प्रत्याशी कंचन खड़ोलिया को 24 वोट मिले। इसके साथ ही कांग्रेस की खतीजा ने भाजपा की कंचन को 17 वोटों से हरा दिया। खतीजा बानो पूर्व सभापति जीवण खां की पत्नी हैं।

सभापति पद की वोटिंग के बाद कांग्रेसी पार्षदों को उपसभापति के चुनाव के लिए दोबारा बाड़ाबंदी में भेज दिया है। 22 सितंबर को सभी पार्षद उपसभापति का वोट डालने आएंगे और इसके बाद सभी को घर भेजा जाएगा। रिटर्निंग अधिकारी सुभाष चंद्र ने सभापति खतीजा बानो को निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया। इसके बाद खतीजा बानो ने विधायक राजेंद्र पारीक, कांग्रेसी पार्षदों और परिवार के साथ विक्ट्री साइन बनाकर ग्रुप फोटो खिंचवाया।

सीकर में पत्नी खतीजा बानो की जीत के बाद पूर्व सभापति जीवण खां भावुक हो गए। इस दौरान उन्होंने विधायक राजेंद्र पारीक का आशीर्वाद भी लिया। सभापति खतीजा बानो के पति पूर्व सभापति जीवण खां ने कहा कि पत्नी ही घर की अन्नदाता होती है। पहले खतीजा ने वार्ड से चुनाव लड़कर मुझे सौंपा, इसके बाद सभापति का उपचुनाव हार गई। इसके बाद 10 साल तक मैं सभापति रहा और अब पत्नी को जिम्मेदारी मिली है।

करंट लगने से अधेड़ की मौत

जोधपुर, (कासं)। निकटवर्ती मथानिया स्थित भैसेर कोतवाली में पानी की मोटर चालू करते करंट लगने से एक अधेड़ की मौत हो गई। उसके पुत्र की तरफ से पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी गई।

मथानिया पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर एक गवारिया बस्ती निवासी देवाराम भैसेर कोतवाली में पानी की मोटर चालू कर रहा था, तब उसे करंट लग गया। हादसे में उसकी मौत हो गई। उसके पुत्र भोमाराम की तरफ से पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी गई।

चूरू में भाजपा के विनय गोयनका को सभापति का ताज

भाजपा को 34 वोट, कांग्रेस के संजय भाटी को 26 वोट मिले

चूरू, (निसं)। चूरू नगर परिषद में कमल खिला है। यहां भाजपा के विनय उर्फ शेरू गोयनका भाजपा के नए सभापति निर्वाचित हुए हैं। इसके साथ ही चूरू नगरपरिषद में भाजपा ने कब्जा कर लिया है। गोयनका के सभापति बनने के बाद सोमवार को भाजपा समर्थकों ने आतिशबाजी कर और मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई।

भाजपा समर्थकों ने राजेन्द्र राठौड़ व भाजपा जिन्दाबाद के नारे भी लगाए। नवनिर्वाचित सभापति गोयनका ने इस जीत को पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा व पार्टी के कार्यकर्ताओं की जीत बताई। इससे पहले सोमवार सुबह 10 बजे नगर परिषद में मतदान हुआ। करीब सवा 11 बजे मतदान पूर्ण हो गया। इसके बाद मतगणना शुरू हुई। जिसमें भाजपा के विनय गोयनका को 34 वोट और कांग्रेस के संजय भाटी को 26 वोट मिले। रिटर्निंग अधिकारी श्वेता कोचर ने मतगणना पूरी होने के बाद सभापति पद के लिए विजयी हुए विनय गोयनका को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई और विजेता प्रमाण-पत्र दिया। सभापति बनने के बाद विनय गोयनका ने कहा कि शहर में बारिश के बाद एकत्रित होने वाले गंदे पानी की निकासी करवाना, शहर को साफ व स्वच्छ रखने के लिए सफाई व्यवस्था बनाये रखना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि वह बिना भेदभाव के शहर का विकास करवायेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सभापति बनने के बाद विनय गोयनका व पार्षदों ने जीत की विक्ट्री दिखाई।

डीडवाना नगर परिषद सभापति चुनाव में भाजपा की सात साल बाद वापसी

डीडवाना, (निसं)। डीडवाना नगर परिषद के सभापति के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने सात साल बाद वापसी कर ली है। भाजपा और यूनुस खान गठबंधन के उम्मीदवार भंवरलाल पंवार डीडवाना के नए सभापति चुने गए हैं। भंवरलाल पंवार ने कांग्रेस के बाबू खान बेगाना को 16 के मुकाबले 24 मतों से शिकस्त दी है। भंवरलाल पंवार को कुल 24 वोट मिले हैं, जबकि बाबू खान बेगाना को 16 वोट ही मिल सके।

भंवरललाल पंवार की जीत की जैसी ही घोषणा हुई, वैसे ही यूनुस खान खेमे और भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने नगर परिषद के बाहर जमकर नारेबाजी की, साथ ही आतिशबाजी कर और मिठाइयां खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। 40 सदस्यीय डीडवाना

सभापति भंवरलाल पंवार का लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

नगर परिषद में इस बार किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला था। भाजपा को 9, कांग्रेस को 16 और आरएलपी को एक सीट मिली थी। जबकि 14 सीटें निर्दलीयों ने जीती थी। निर्दलीयों में से बड़ा धड़ा यूनुस खान खेमे का था। इसके बाद विधायक यूनुस खान और भाजपा के बीच समझौता हुआ और यूनुस खान के खेमे के निर्दलीय पार्षद भंवरलाल पंवार को भाजपा ने अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया, वहीं कांग्रेस ने पूर्व पालिका अध्यक्ष रहे बाबू खान बेगाना को अपना उम्मीदवार बनाया।

इसके बाद आज हुए चुनाव में सभी पार्षद मतदान करने पहुंचे। जिसमें भंवरलाल पंवार 24 और बाबू खान बेगाना को 16 मत मिले। विधायक यूनुस खान ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के साथ ही भाजपा आलाकमान का आभार जताया। वहीं भंवरलाल पंवार ने कहा कि विधायक यूनुस खान और भाजपा ने उन पर जो भरोसा जताया है उस पर वे पूरा खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

धरना जारी

लूणकरणसर, (निसं)। मलकीसर रेलवे फाटक को बंद कर अंडरब्रिज बनाने की बात का विरोध करते हुए ग्रामीणों का धरना पांचवें दिन भी जारी रहा। दो दर्जन गावों के ग्रामीण रेलवे फाटक पर जमे हुए हैं। ग्रामीणों ने ओवरब्रिज बनाने की मांग को लेकर विरोध जारी रखने का फैसला किया है।

जालोर में कांग्रेस का दस सल बाद बोर्ड, बंशीलाल सभापति बने

जालोर नगरपरिषद में कांग्रेस सांचोर, भीनमाल, सायला व आहोर में भाजपा बोर्ड बनाने में सफल हुई

जालोर, (कासं)। जालोर नगरपरिषद में सभापति के चुनाव सोमवार को सम्पन्न हुए। कांग्रेस के बंशीलाल माली जालोर नगरपरिषद के सभापति निर्वाचित हुए। कांग्रेस करीब दस साल के बाद जालोर नगरपरिषद में बोर्ड बनाने में सफल हुई। उपसभापति के चुनाव 22 सितम्बर को संपन्न होंगे।

- कांग्रेस के बंशीलाल माली को 23 मत व भाजपा के जयसिंह को 17 मत प्राप्त हुए, इस प्रकार कांग्रेस के बंशीलाल माली जालोर नगरपरिषद के सभापति निर्वाचित हुए

जालोर जिले के पांच निकाय में सभापति व अध्यक्ष के चुनाव में जालोर नगरपरिषद में कांग्रेस, सांचोर, भीनमाल, सायला व आहोर में भाजपा बोर्ड बनाने में सफल हुई। जालोर नगरपरिषद के चालीस वार्डों के पार्षदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान प्रात: 10 बजे शुरु हुआ, सबसे पहले निर्दलीय पार्षद कैलाश कुमार ने मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया, इसके बाद निर्दलीय पार्षद पपूदेवी व मनीष कुमार कुमावत ने मतदान किया, करीब प्रात: 11 बजे निर्दलीय पार्षद सागर मेहर ने मतदान केन्द्र आकर मतदान किया।

सभी निर्दलीय पार्षद वाहनों के माध्यम से मतदान केन्द्र पहुंचे। वही करीब साढे ग्यारह बजे एक बस से पुरी सुरक्षा के बीच करीब उन्नीस कांग्रेसी पार्षद, तीन निर्दलीय पार्षद के साथ मतदान केन्द्र पहुंचे। निर्दलीय पार्षद बंसती देवी, नर्मदा देवी व हुकमीचंद सोलंकी ने कांग्रेस के पार्षदों के साथ मतदान केन्द्र पर पहुंचकर मतदान किया। कांग्रेस की बस आने पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर पार्षदों का हौसला बढ़ाया। भाजपा के संगठन प्रभारी महेन्द्र कुमार के साथ भाजपा के चौदह पार्षदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना के बाद निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने चुनाव परिणाम घोषित करते हुए बताया कि कांग्रेस के बंशीलाल माली को 23 मत व भाजपा के जयसिंह को 17 मत प्राप्त हुए, इस प्रकार कांग्रेस के बंशीलाल माली जालोर नगरपरिषद के सभापति निर्वाचित हुए। इसके बाद निर्वाचन अधिकारी ने नवनिर्वाचित सभापति बंशीलाल को शपथ दिलाई।

सभापति बंशीलाल ने निर्वाचन के बाद कहा कि यह जीत आम जालोर की जनता की जीत है, उनकी पहली प्राथमिकता सफाई, सुन्देलाव तालाब का सौन्दर्यकरण, सड़क, रोड लाईट सहित शहर के विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं छोड़ी जायेगी।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले 26 नवंबर 2009 को नगरपालिका अध्यक्ष के रूप में कांग्रेस की इंदू परिहार निर्वाचित हुई थीं। बाद में 30 अप्रैल 2012 को उन्हें सभापति के रूप में उल्लेखित किया गया। इसके बाद कांग्रेस संगठन लगातार दो बार बोर्ड बनाने में सफल नहीं हो सका। इस बार बंशीलाल माली की जीत के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल रहा। नवनिर्वाचित सभापति बंशीलाल माली ने कहा कि शहरी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, सुंदेलाव तालाब के सौंदर्यीकरण और गंदे पानी की आवक को रोकने के लिए विशेष प्रोजेक्ट पर काम किया जाएगा।

जालोर नगरपरिषद के सभापति चुनाव में कांग्रेस के बंशीलाल माली निर्वाचित हुए।

खेतड़ी में स्वामी विवेकानंद-राजा अजीतसिंह की अमर मित्रता को नया स्मारक मिला

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत को सोमवार को एक नई सौगात मिली। रामकृष्ण मिशन आश्रम में "राजा अजीत सिंह स्मृति भक्त निवास" का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन, बेलूर मठ के उपाध्यक्ष स्वामी सुहितानंद महाराज मुख्य अतिथि रहे, जबकि कार्यक्रम की

- रामकृष्ण मिशन आश्रम में "राजा अजीत सिंह स्मृति भक्त निवास" का उद्घाटन
- 'यह भवन केवल ईंट और पत्थरों से नहीं, बल्कि आपकी श्रद्धा और विश्वास से बना है'

अध्यक्षता रामकृष्ण मिशन खेतड़ी के सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने की। कार्यक्रम के दौरान स्वामी सुहितानंद महाराज एवं स्वामी सर्वलोकानंद महाराज ने फीता काटकर अजीत सिंह स्मृति भक्त निवास का उद्घाटन किया।

वहीं हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स की ओर से सीएसआर योजना के तहत भक्त निवास में स्थापित किए गए 40 किलोवाट क्षमता के रूफटॉप सोलर पावर प्लांट का भी उद्घाटन किया गया। सोलर प्लांट का लोकार्पण स्वामी सुहितानंद महाराज एवं केसीसी के कार्यकारी निदेशक पुरूषोत्तम दास बोहरा ने किया। मुख्य अतिथि स्वामी सुहितानंद महाराज ने कहा कि यह भक्त निवास दूर-दराज से खेतड़ी आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवास की उत्तम सुविधा उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि इससे खेतड़ी की आध्यात्मिक विरासत को आगे बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने खेतड़ी नरेश राजा अजीत सिंह और स्वामी विवेकानंद की ऐतिहासिक मित्रता को याद करते हुए कहा कि दोनों का संबंध पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद को शिकागो भेजने में राजा अजीत सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। राजा अजीत सिंह ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिभा को पहचाना और उनके कार्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। खेतड़ी और रामकृष्ण मिशन के इतिहास में यह संबंध आज भी विशेष महत्व रखता है।

खेतड़ी के रामकृष्ण मिशन आश्रम में राजा अजीत सिंह स्मृति भक्त निवास का रामकृष्ण मिशन बेलूर मठ के उपाध्यक्ष स्वामी सुहितानंद महाराज एवं अन्य संतों ने उद्घाटन किया।

रामकृष्ण मिशन खेतड़ी के सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने कहा कि खेतड़ी का संबंध केवल एक नगर से नहीं, बल्कि देश के गौरवशाली इतिहास से है। राजा अजीत सिंह ने स्वामी विवेकानंद को पहचाना, उन्हें शिकागो जाने के लिए सहयोग दिया और विश्व पटल पर भारत का नाम ऊंचा करने की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी स्मृति में निर्मित यह भक्त निवास उसी ऐतिहासिक विरासत को नमन है।

इस अवसर पर स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, एसएमएस लिमिटेड, मोदी फाउंडेशन, नीता बसु, अमिताभ भट्टाचार्य, बख्शीराम एवं कालीचरण सहित भक्त निवास के निर्माण में सहयोग करने वाले भामाशाहों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्वामी योगयुक्तानंद, स्वामी सुभंगानंद, स्वामी प्रशांतानंद, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी सर्वलोकानंद, स्वामी शांतिधनानंद, स्वामी जगदीशानंद, स्वामी त्यागमयानंद, स्वामी गुरु कृपानंद, स्वामी भित्तिहरानंद, मुरारीसानंद, ब्रह्मचारी ब्रह्मचैतन्य, डॉ. सतीश तंवर, बक्शी राम सोनगरा, पवन पालीवाल, त्रिलोक जोधपुरिया, ग्यारसी लाल, रोशन लाल सैनी, कृष्ण कुमार, बजरंग लाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।